# आईसीसी ने पाक को चेताया

## भारत से नहीं खेलने के फैसले पर पाकिस्तान को लग सकता है प्रतिबंध

**फैक्ट्स**

- अंक कटौती और करोड़ों के नुकसान का खतरा
- नॉकआउट में टकराव हुआ तो पाकिस्तान पर और सख्ती तय



**नई दिल्ली, 2 फ़रवरी. टी20 विश्व कप 2026 शुरू होने से पहले ही भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. पाकिस्तान सरकार और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 15 फरवरी को कोलंबो में खेले जाने वाले भारत के खिलाफ ग्रुप मैच का बहिष्कार करने का एलान कर दिया है.**

हैरानी की बात यह है कि इस फैसले के पीछे कोई ठोस सुरक्षा या लॉजिस्टिक कारण सामने नहीं रखा गया है, जबकि पाकिस्तान अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में ही खेलने वाला है. इस फैसले के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सख्त रुख अपनाया है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को औपचारिक चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि अगर पाकिस्तान अपने रुख पर कायम रहता है तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से इस निर्णय पर आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा है. क्रिकेट के नियम साफ कहते हैं कि किसी निर्धारित मैच में बिना मान्य कारण अनुपस्थित रहने पर टीम को वॉकओवर देना पड़ता है और विरोधी टीम को दो अंक सीधे मिल जाते हैं. यानी अगर पाकिस्तान टीम टॉस के समय मैदान पर मौजूद नहीं रहती है तो मैच रेफरी भारत को दो अंक दे सकता है. भारतीय टीम को सिर्फ औपचारिक रूप से मैदान पर उपस्थित रहना होगा. लेकिन यह मामला सिर्फ दो अंकों तक सीमित नहीं है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नियमों के अनुसार किसी सदस्य बोर्ड द्वारा टूर्नामेंट की शर्तों का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है. इसमें भारी जुर्माना, परिषद के आयोजनों से निलंबन, रैंकिंग में गिरावट, और यहां तक कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंकों में कटौती जैसे कदम शामिल हो सकते हैं. अगर परिषद इस मामले को अनुशासनहीनता मानता है तो पाकिस्तान क्रिकेट को करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि परिषद से मिलने वाली फंडिंग और वितरण भी प्रभावित हो सकता है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि पाकिस्तान ने सिर्फ ग्रुप चरण के मैच का जिक्र किया है. अगर आगे चलकर नॉकआउट या फाइनल में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होते हैं तो क्या पाकिस्तान वहां भी मैच का बहिष्कार करेगा? अगर ऐसा होता है तो परिषद का रुख और भी कड़ा हो सकता है.

> परिषद के लिए भी यह मामला प्रतिष्ठा से जुड़ा है. अगर किसी टीम को राजनीतिक या गैर-खेल कारणों से मैच छोड़ने की छूट मिलती है तो यह खतरनाक परंपरा बन सकती है. इससे पहले भी विश्व कप इतिहास में कुछ टीमों ने मैच खेलने से इनकार किया था, लेकिन वे फैसले सुरक्षा कारणों से जुड़े थे. यहां पाकिस्तान को न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने का अवसर दिया गया है, फिर भी बहिष्कार का फैसला परिषद की विश्वसनीयता को चुनौती देता है. इस पूरे घटनाक्रम में एक और बड़ा असर पाकिस्तान सुपर लीग पर पड़ सकता है. अगर परिषद कड़ा रुख अपनाता है तो अन्य सदस्य देशों के खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग में हिस्सा लेने से हिचक सकते हैं. साथ ही, शीर्ष क्रिकेट टीमें भविष्य में पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर सकती हैं. इससे पाकिस्तान क्रिकेट की अंतरराष्ट्रीय साख पर गहरा असर पड़ेगा.



## अनाहत ने जीता स्क्वैश ऑन फायर ओपन का खिताब


**वाशिंगटन.** भारत की अनाहत सिंह ने स्क्वैश ऑन फायर ओपन 2026 के फाइनल में इंग्लैंड की टॉप सीड जॉर्जिना केनेडी को हराकर अपना पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता. वाशिंगटन में रविवार को खेले गये मुकाबले में वर्ल्ड नंबर 31 अनाहत सिंह ने मौजूदा कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन, जो महिला सिंगल्स स्क्वैश रैंकिंग में 10वें नंबर पर हैं, को 26 मिनट में 3-0 (12-10, 11-5, 11-7) से हराकर खिताब अपने नाम किया. टूर्नामेंट के पहले राउंड में बाई मिलने के बाद, अनाहत सिंह ने प्री-क्वार्टर में साउथ अफ्रीका की हेली वार्ड को, क्वार्टर-फाइनल में मिस्र की दूसरी सीड सना इब्राहिम को और सेमीफाइनल में अमेरिका की सबरीना सोभी को हराकर

# तिलक वर्मा की विस्फोटक वापसी

### पावरप्ले में 61/1, जगदीसन की 27 गेंद में फिफ्टी से रनगति तेज

**टी20 विश्व कप 2026 के आगाज से ठीक पहले खेले जा रहे अभ्यास मुकाबलों में इंडिया ए ने अपने पहले वॉर्म-अप मैच के खिलाफ आक्रामक इरादे दिखाए. नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में यूएसए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही संकेत दे दिया कि यह अभ्यास मैच उनके लिए सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि लय पकड़ने का मंच है.**

जगदीसन ने भी जल्द ही आक्रामक रुख अपनाया. मिलिंद कुमार के ओवर में तीन चौके, एक छक्का और कुछ तेज दौड़कर लिए गए रन—कुल 20 रन—ने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया. पावरप्ले समाप्त होने तक इंडिया ए 61/1 पर पहुंच चुकी थी. इसी दौरान प्रियंश आर्य का विकेट गिरा, लेकिन असली उत्साह तब दिखा जब टिलक वर्मा क्रीज पर आए. टिलक वर्मा पिछले कुछ समय से सर्जरी के कारण मैदान से दूर थे. दिसंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद उन्हें टेस्टिकुलर टॉर्शन की समस्या के चलते ऑपरेशन कराना पड़ा था. ऐसे में उनकी वापसी पर सभी की नजरें थीं—और टिलक ने निराश नहीं किया. शुरुआत में कुछ गेंदें देखकर उन्होंने लय पकड़ी और फिर अपने खास अंदाज में शॉट खेलने शुरू किए. हरमीत सिंह की गेंद पर पैड्स से ग्लांस करते हुए स्क्वेयर लेग की दिशा में चौका उनका पहला बाउंड्री शॉट था. इसके बाद उन्होंने कवर के ऊपर से ताकतवर चौका और लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से शानदार छक्का जड़ा.



इस मुकाबले की सबसे बड़ी कहानी रही टिलक वर्मा की वापसी—सर्जरी के बाद उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच, और आते ही उन्होंने अपने शॉट्स से बता दिया कि लय बरकरार है. ओपनिंग के लिए उतरे प्रियंश आर्य और एन जगदीसन ने नई गेंद का शानदार सामना किया. यूएसए की ओर से सौरभ नेत्रवलकर ने पहला ओवर डाला, लेकिन प्रियंश ने पहली ही गेंद पर चौका जड़कर इरादे स्पष्ट कर दिए. दूसरे ओवर में अली खान की गेंद पर चौका और छक्का लगाकर उन्होंने रनगति को तेजी दी. तीन ओवर के बाद स्कोर 37/0 था और भारतीय जोड़ी पूरी तरह नियंत्रण में दिख रही थी.

एक रिवर्स शॉट से बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर लगाया गया छक्का उनकी टाइमिंग और आत्मविश्वास का प्रमाण था. महज 14 गेंदों में 27 रन बनाकर उन्होंने दिखा दिया कि वह पूरी तरह फिट और तैयार हैं.

**एक नजर में**

## मुंबई टीम में ठाकुर, जायसवाल की वापसी

**मुम्बई.** शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है. ठाकुर और जायसवाल दोनों




अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे. ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था. एमसीए इस बात से अधिक खुश नहीं था कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता से फ्री होने के बावजूद जायसवाल ने पिछले कुछ मैच नहीं खेले. मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है. मुंबई टीम इस प्रकार है:- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, अखिल हरवाडकर, सिद्धेश लाड, सरफराज खान, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्येश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे.



## ईशान आगे, सैमसन पर बढ़ा दबाव

**नयी दिल्ली.** भारत-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज का 4-1 नतीजा सिर्फ एकतरफा जीत की कहानी नहीं रहा, बल्कि इसने टी20 विश्व कप से ठीक पहले भारतीय चयन बहस को नई दिशा दे दी है. इस सीरीज में दो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहे—ईशान किशन और संजू सैमसन. दोनों को मौके मिले, लेकिन प्रदर्शन ने दोनों की राह बिल्कुल अलग कर दी. जहां ईशान ने अपनी फॉर्म से प्लेइंग-11 का दावा मजबूत किया, वहीं सैमसन के लिए समीकरण जटिल हो गए. इसी बीच तिलक वर्मा की फिटनेस और वापसी ने इस बहस को और रोचक बना दिया है. ईशान किशन इस सीरीज के सबसे बड़े फायदे में रहे. चार मैचों में 231 से अधिक के स्ट्राइक रेट के साथ 215 रन बनाना सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि उनकी भूमिका की स्पष्टता का प्रमाण है.



## आर्सेनल महिला ने जीता फीफा चैंपियंस कप

**लंदन.** आर्सेनल महिला टीम ने ब्राजील की एससी कोरिंथियंस पर अतिरिक्त समय में 3-2 से रोमांचक जीत के साथ पहला फीफा महिला चैंपियंस कप जीता. एमिरेट्स स्टेडियम में रविवार को खेले गये मुकाबले में सबस्टिट्यूट कैटलिन फोर्ड ने 104वें मिनट में निर्णायक गोल किया. आर्सेनल ने 15वें मिनट में ओलिविया स्मिथ के जरिए स्कोरिंग शुरू की, लेकिन कोरिंथियंस ने तेजी से जवाब दिया और गैबी जानोटी ने बराबरी कर ली. लोटे वुबेन-मोय ने ब्रेक के बाद हेडर से आर्सेनल की बढ़त वापस ला दी, लेकिन विक अल्बुकर्क ने ब्राजीलियाई चैंपियंस के लिए पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच को अतिरिक्त समय के लिए मजबूर कर दिया. मैच के बाद फोर्ड ने कहा, 'इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराना अच्छा है.' आर्सेनल की कैप्टन किम लिटिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने कहा कि क्लब के घरेलू मैदान पर ट्रॉफी उठाने से यह उपलब्धि 'एक्स्ट्रा स्पेशल' हो गई.



## हरियाणा थंडर्स ने जीता प्रो रेसलिंग लीग 2026 का खिताब

**नोएडा. हरियाणा थंडर्स ने रोमांचक फाइनल में मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराकर प्रो रेसलिंग लीग 2026 का खिताब अपने नाम किया.**

नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गये मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ आखिरी मुकाबले तक चले रोमांचक फाइनल के बाद प्रो रेसलिंग लीग 2026 का चैंपियन चुना गया. आठ मुकाबलों के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था और अब सब कुछ महिलाओं के 62 किग्रा के फाइनल मुकाबले पर निर्भर था, जहां पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इरीना कोलियाडेंको ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स के लिए 5-4 की रोमांचक जीत और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब पक्का कर दिया.

# हेजलवुड रिहैब रह सकते हैं विश्व कप में बाहर

### एबॉट रिजर्व के तौर पर टीम में हुए शामिल

**सिडनी, 02 फरवरी चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड रिहैब के कारण आगामी टी-20 विश्व कप का शुरुआती दौरे से बाहर रह सकते है. उनकी जगह शॉन एबट को ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप टीम में ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में जोड़ा गया है.**

पाकिस्तान का दौरा मिस करने के बाद ग्लेन मैक्सवेल, नाथन एलिस और टिम डेविड मंगलवार को कोलंबो में टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं. गुरुवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का अभ्यास मैच है और फिर 11 फरवरी को उन्हें आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलना है. हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई. लेकिन ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं और मेडिकल स्टाफ ने निर्णय लिया है कि वे फिलहाल सिडनी में ही रहेंगे. चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने इस बारे में कोई समय-सीमा नहीं बताई है कि वे श्रीलंका कब पहुंचेंगे.



> डोडेमाइड ने कहा, 'हमें लगा कि जॉश के लिए श्रीलंका जाने से पहले घर पर जाने-पहचाने माहौल में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखना अधिक व्यावहारिक और फायदेमंद होगा. नाथन के भी खेल में वापसी की प्रक्रिया पूरी करने के साथ, हमने शॉन को अपने साथ तेज गेंदबाजी कवर के तौर पर लाने का फैसला किया है ताकि अगर कम समय के नोटिस पर कुछ भी होता है तो वह उपलब्ध रहें. शॉन एक मंझे हुए और बहुमुखी खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई विश्व कप अभियानों का अनुभव लिया है. पाकिस्तान दौरे के बाद उनका ग्रुप के साथ बने रहना समझदारी भरा फैसला था.'

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को छह विकेट से हराया

**पल्लेकेले, 02 फरवरी. टॉम बैंटन (नाबाद 54) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को वर्षा प्रभावित मुकाबले में (डीएलएस पद्धति) से दो गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया.**



इसी जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजये बढ़त बना ली है. इंग्लैंड ने रविवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन रत्नायके (40), कामिल मिशारा (36), पुथुम निसंका (34), कुसल मेंडिस (32) और चरित असलंका (नाबाद 28) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 189 का स्कोर बनाया. बारिश के कारण मैच कुछ देर के लिए रुका और फिर कम ओवरों के साथ डीएलएस पद्धति से 168 रनों का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया. इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिये. विल जैक्स, लियम डॉसन और आदिल रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

इसे बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने टॉम बैंटन 33 गेंदों में (54), जॉस बटलर (39), कप्तान हैरी ब्रूक (36) और सैम करन (नाबाद 20) के योगदान से 16.4 ओवरों में चार विकेट पर 173 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने



# पुरुष टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैच जारी

**दुबई, 02 फरवरी. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है.**

आईसीसी की ओर से आज जारी किये गये कार्यक्रम के अनुसार सात फरवरी से शुरु होने वाले टूर्नामेंट से पहले विभिन्न टीमों के बीच दो से छह फरवरी तक कुल 16 अभ्यास मैच खेले जायेंगे. भारत और श्रीलंका के चार शहरों में यह अभ्यास मैच खेले जायेंगे. भारत में, बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दो ग्राउंड मैचों की मेजबानी करेंगे, जबकि भारत में शेष अभ्यास मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई के एम.ए चिदंबरम स्टेडियम में होंगे. वहीं श्रीलंका में कोलंबो में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, आर. प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड की मेजबानी करेंगे.

**आक्रामक मुकाबला** ▶ टैक्टिकल लड़ाई और दर्शकों का शोर इसे किसी भी बड़े फाइनल जैसा बना गया

# ला लीगा मैचडे 22 में बास्क डर्बी का रोमांचक खेल



**बिलबाओ, स्पेन ला लीगा के मैचडे 22 में खेले गए बास्क डर्बी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि एथलेटिक बिलबाओ और रियल सोसिएदाद के मुकाबले सिर्फ तीन अंकों की लड़ाई नहीं होते, बल्कि ये प्रतिष्ठा, जुनून और क्षेत्रीय गर्व की टक्कर होते हैं.**

सैन मामेस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले का परिणाम 1-1 की बराबरी पर रहा, लेकिन मैच का रोमांच, टैक्टिकल लड़ाई और दर्शकों का शोर इसे किसी भी बड़े फाइनल जैसा बना गया. मुकाबले की शुरुआत से ही एथलेटिक बिलबाओ ने आक्रामक रुख अपनाया. घरेलू दर्शकों के समर्थन ने खिलाड़ियों में अतिरिक्त ऊर्जा भर दी थी. बिलबाओ ने मिडफील्ड पर नियंत्रण बनाते हुए लगातार सोसिएदाद के डिफेंस पर दबाव बनाया. विंग से हो रहे हमले और तेज पासिंग मूवमेंट ने शुरुआती मिनटों में ही संकेत दे दिया था कि बिलबाओ बढ़त लेने के मूड में है. पहला गोल भी इसी दबाव का नतीजा बना. बिलबाओ के फॉरवर्ड ने बॉक्स के अंदर शानदार मूव बनाते हुए सटीक फिनिश किया और स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. इस गोल ने मैच की रफ्तार और बढ़ा दी. बिलबाओ के खिलाड़ी लगातार दूसरे गोल की तलाश में लगे रहे, लेकिन सोसिएदाद की डिफेंस लाइन ने धैर्य नहीं खोया. रियल सोसिएदाद ने गोल खाने के बाद खेल की दिशा बदलनी शुरू की.

> उन्होंने पजेशन पर फोकस किया और धीरे-धीरे मैच में अपनी पकड़ मजबूत की. मिडफील्डर्स ने छोटे-छोटे पासों के जरिए बिलबाओ की प्रेसिंग को तोड़ा और विंग प्ले का सहारा लिया. पहले हाफ के अंतिम हिस्से में सोसिएदाद ने कई खतरनाक मूव बनाए, लेकिन बिलबाओ के गोलकीपर ने शानदार बचाव कर टीम की बढ़त बरकरार रखी.